हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

तापमान

अधिकतम 23 .5 डिग्री

न्यूनतम 8 .2 डिग्री

11 राजस्व अधिकारी एसोसिएशन ने सरकार के...



12 बोर्ड परीक्षा : आधार कार्ड व प्रवेश पत्र के फोटो का...



# जुर्माने के बावजूद शहर की सफाई व्यवस्था जीरो नागरिक अस्पताल का डंपिंग प्वाइंट ओवरफ्लो

### नगर निगम की ओर से दो दिन पहले ही सफाई एजेंसी को नोटिस थमाकर 4.50 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

- दिल्ली रोड स्थित जिला नागरिक अस्पताल में ओएसटी केंद्र के सामने बनाया डंपिंग प्वाइंट
- डंपिंग प्वाइंट पर इन दिनों कूड़े का नहीं हो रहा उठान, मरीज व अस्पताल कर्मी हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल का डंपिंग प्वाइंट ओवरफ्लो होने से लगा कूड़े का ढेर मरीजों व कर्मचारियों के लिए परेशानी का सबब बना है। डंपिंग प्वाइंट पर कूड़े का ढेर ज्यादा होने के हर समय दुर्गंध उठ रही है। वहीं नगर निगम की ओर से दो दिन पहले ही सफाई एजेंसी को नोटिस देने व 4.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाने के बावजूद प्रबंधों पर कोई असर नहीं दिख रहा है।



सोनीपत। नागरिक अस्पताल में बने डंपिग प्वांइट के ओवरफ्लो होने से फैला कूड़ा। फोटो : हरिभूमि

नागरिक अस्पताल में कूड़ा एकत्रित करने के लिए ओएसटी केंद्र के सामने डंपिंग प्वाइंट बनाया गया है। यहां अस्पताल की सफाई के बाद व अन्य आसपास क्षेत्र का कूड़ा एकत्रित किया जाता है। कुछ दिन से अस्पताल परिसर में बने डंपिंग प्वाइंट से कूड़े का उठान नहीं हो रहा है। इसके कारण डंपिंग प्वाइंट ओवरफ्लो होने से आसपास के लोग व सफाई कर्मचारी बाहर ही कूड़ा फेंककर चले जाते है। ऐसे में मरीजों व अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों को दुर्गंध उठाने से परेशानी झेलनी पड़ रही है। अस्पताल कर्मियों का आरोप है कि नगर निगम की ओर से अस्पताल के डंपिंग प्वाइंट से नियमित रूप से कूडे का उठान नहीं किया जा रहा है। ऐसे में कूड़े का ढेर लगने से बीमारी फैलने का अंदेशा बना रहता है। अब तो कूड़ा डंपिंग प्वाइंट से लेकर ओएसटी सेंटर तक पहुंचने लगा है। अगर जल्द ही कूड़े का उठान नहीं हुआ तो परेशानी बढ़ सकती है।

### क्षय रोग विभाग व ओएसटी सेंटर जाने को यहीं से गुजरते हैं मरीज

स्वास्थ्य विभाग की ओर से अस्पताल में क्षय रोग विभाग व ओएसटी सेंटर के सामने सामान्य श्रेणी का कूडा डालने के लिए डंपिंग प्वाइंट बनाया गया है। यहां सफाई कर्मचारी सफाई के बाद बाहर ही कूडा डाल रहे है, लेकिन उठान न होने के कारण कूड़ा डंपिंग प्वाइंट के बाहर तक फैल गया है। क्षय रोग विभाग व ओएसटी सेंटर के मरीजों को उपचार के लिए यही से गुजरना पड़ता है। कई बार कूडे का ढेर ज्यादा होने पर आग भी लगा दी जाती है। धुंए के कारण वायु प्रदूषण होने से मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ती है।

### शिकायतों के बावजूद स्थिति में नहीं सुधार

शहर में विभिन्न जगह लगे कूड़े के ढेर, नियमित सफाई न होने व कूड़ा उठान में लापरवाही संबंधी शिकायतों पर नगर निगम की ओर से दो दिन पहले ही संबंधित एजेंसी को नोटिस जारी कर करीब 4.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके बावजूद कूड़ा उठान की स्थिति में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा है। नगर निगम की संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़ ने अधिकारियों के साथ बुधवार को शहर में कई जगह निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया था। निगम के स्पष्ट निर्देश हैं कि अगर भविष्य में भी सफाई एजेंसी तय नियमों के अनुसार सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाने का कार्य नहीं करती है, तो ऐसे में अनुबंध रद्द किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### दुष्यंत चौटाला व दिग्विजय चौटाला 7 को सोनीपत में

खरखौदा। जननायक जनता पार्टी की युवा इकाई 7 फरवरी को सोनीपत में युवा योद्धा जिला सम्मेलन का आयोजन करने जा रही है। जिसके मुख्यातिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला होंगे। जबकि अध्यक्षता दिग्विजय सिंह चौटाला करेंगे। युवा जेजेपी के खरखौदा हलका अध्यक्ष सागर दहिया ने एक वक्तव्य जारी कर यह जानकारी दी। उन्होंने दावा किया कि प्रस्तावित सम्मेलन जिला की राजनीतिक दिशा व दशा बदलने वाला व विरोधी दलों की बोलती बंद करने वाला कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए युवा इकाई तन मन धन से मेहनत कर रही है व युवाओं के बीच जनसंपर्क अभियान जारी है। सागर दहिया ने अपने राजनीतिक साथियों की जिम्मेदारी लगाई व कार्यक्रम की सफलता को लेकर सभी को दिशा निर्देश जारी किए।



### बजाज पल्सर बाइक ले उड़े चोर, केस दर्ज

गन्नौर। रेलवे रोड पर होंडा एजेंसी के बाहर खड़ी बजाज पल्सर बाइक चोरी हो गई। बाइक मालिक ने इसकी शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में महादेव नगर निवासी जावेद ने बताया कि 3 फरवरी की शाम वह अपनी बजाज पल्सर बाइक रेलवे रोड के पास स्थित होंडा एजेंसी के बाहर खड़ी कर प्रथम तल पर जिम में गया था। जब वह जिम से लौटा तो उसकी बाइक चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नगर निगम कार्यालय में कर्मचारियों का अभाव, आयुक्त दरबार पहुंचा मामला


# प्रॉपर्टी आईडी का 3 माह से काम न होने पर फूटा व्यक्ति का गुस्सा, क्लर्क का कंप्यूटर गिराया


- वार्ड 16 निवासी संदीप गोयल ने आयुक्त के समक्ष अक्टूबर 2025 से उनकी प्रॉपर्टी आईडी ठीक न करने का लगाया आरोप
- कर्मचारियों ने कंप्यूटर तोड़ने का लगाया आरोप, आयुक्त ने व्यक्ति को 4 लोगों की कमेटी गठित कर जल्द समाधान करवाने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

प्रॉपर्टी आईडी में त्रुटियां ज्यादा होने के कारण शहरवासियों को परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। त्रुटियों को ठीक करवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन के बावजूद नगर निगम कार्यालय में लोगों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसके अलावा कभी कर्मचारी सीट पर होने तो कई दस्तावेजों में खामियां निकालकर लोगों को धक्के खिलवाए जा रहे हैं। निगम कार्यालय में वीरवार को प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने आए एक व्यक्ति का अचानक गुस्सा फूट पड़ा। बार-बार परेशान किए जाने के चलते व्यक्ति ने निगम कार्यालय के क्लर्क का कंप्यूटर गुस्से में टेबल पर गिरा दिया। मामला बढ़ने के बाद आयुक्त के दरबार जा पहुंचा, जहां अधिकारियों ने व्यक्ति व कर्मचारियों को समझाकर वापस भेज दिया।

वार्ड 16 निवासी संदीप गोयल ने बताया कि उनकी मिशन चौक के पास मिनी लैंड स्कूल के सामने प्रॉपर्टी है। फिलहाल प्रॉपर्टी के कागजात उनके दादा के नाम पर है, जिन्हें आगे 7 लोगों 3 उनकी बुआ, 3 चाचा व उनके स्वर्गीय पिता की एवज में उनके नाम पर चढ़ाया जाना है। प्रॉपर्टी आईडी में सुधार करवाने के लिए वह कई माह से नगर निगम कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने प्रॉपर्टी आईडी में बदलाव के लिए अक्तूबर माह में दस्तावेजों सहित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया। आरोप है कि जब पहले 25 अक्तूबर 2025 को नगर निगम कार्यालय पहुंचे तो महिला क्लर्क अवकाश पर मिली। इसके बाद वह लगातार कार्यालय के चक्कर लगाते रहे, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया। वह 27 जनवरी को फिर आस लेकर निगम कार्यालय पहुंचे, तो उनसे पुनः संबंधित कागजात व दस्तावेजों की मांग की गई।





सोनीपत। नगर निगम कार्यालय में व्यक्ति की ओर से क्लर्क का टेबल पर गिराया गया कंप्यूटर व मामले के बाद टेबल पर सुरक्षित रखा कंप्यूटर। फोटो : हरिभूमि

### क्लर्क का हरियाणवी भाषा में रौब, अभद्र व्यवहार का आरोप

संदीप गोयल का आरोप है कि वीरवार को भी महिला क्लर्क छुट्टी पर थी, उन्होंने अन्य क्लर्क से बात करने को कहा। जब वह उस क्लर्क के पास पहुंचे तो उसने कागजात पूरे न होने का हवाला देते हुए हरियाणवी भाषा में बात करते हुए उनसे अभद्र व्यवहार किया। संदीप का कहना है कि कानूनी तौर पर उनसे जो कागजात मांगें गए हैं, उन्होंने उसे पूरा कर आवेदन के साथ लगाया है। आरोप है कि कर्मचारी को समझाने पर उसने कहा कि हरियाणवी में ऐसे ही बात करते हैं। क्लर्क ने हरियाणवी में तू-तड़ाक को ही मान-सम्मान की भाषा बताया। इसके बाद संदीप ने गुस्से में आकर क्लर्क के कंप्यूटर पर हाथ मारकर उसे गिरा दिया, जबकि सीपीयू कर्मचारी की कुर्सी पर जा गिरा। जब मामला आयुक्त के पास पहुंचा तो संदीप ने अपनी बात रखीं। कर्मचारी ने कंप्यूटर तोड़ने की बात कहीं।

### कार्यों के लिए दो भागों में बांटा गया है क्षेत्र

*नगर निगम क्षेत्र के कुल 22 वार्डों को प्रॉपर्टी आईडी संबंधी कार्यों के लिए दो भागों में बांटा गया है। प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित कार्य ऑनलाइन माध्यम से होते हैं। ऐसे में अधिकारी व कर्मचारी अपनी यूजर आईडी से फाइल पर कार्य कर आगे जेडटीओ को ट्रांसफर करते हैं। यहां से कार्य पूर्ण होते हैं। नगरपालिका सचिव पवित्र गुलिया के कार्यभार संभालने के बाद लंबित पड़ी फाइलों पर भी कार्य किए जा रहे हैं। फिलहाल उन्हें आधे वार्डों की प्रॉपर्टी आईडी संबंधी कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है।*

### प्रॉपर्टी आईडी में त्रुटियों की भरमार

नगर निगम की ओर से अपलोड की गई प्रॉपर्टी आईडी में ढेरों खामियां हैं। इसमें नाम गलत दर्ज होना, एरिया गलत दर्शाना, क्षेत्र व वार्ड गलत होना, नॉट फाउंड लिखना आदि शामिल हैं। इसके अलावा काफी संख्या में प्रॉपर्टी मालिकों की जायदादों व प्लॉटों को उनके नाम पर दर्ज तक नहीं किया गया है। हालांकि निगम समय-समय पर प्रॉपर्टी आईडी के लिए विशेष शिविर लगाता आया है, लेकिन परिणाम शून्य के समान हैं, लोग समाधान के लिए भटक रहे हैं।

### प्रॉपर्टी आईडी जांच में गड़बड़ियों का मामला भी हो चुका उजागर

नगर निगम कार्यालय में प्रॉपर्टी आईडी की जांच में गड़बड़ियों का मामला भी प्रकाश में आ चुका है। जिससे कई दिन तक शाखा संबंधित कार्य प्रभावित रहे। जनवरी माह में 400 फाइलों का काम लंबित हो गया था। निगम कार्यालय में जोनल टैक्स अधिकारी (जेडटीओ) के दो पद हैं। उच्चाधिकारियों की कार्रवाई के बाद जनवरी में सोनीपत निगम कार्यालय में एक जेडटीओ के निलंबित होने के बाद एक जेडीओ के कंधों पर सारा कार्यभार आ गया था, लेकिन वह भी अधिकतर अवकाश पर रहती हैं। ऐसे में चार्टशीट चल रहे कुंडली नगरपालिका सचिव पवित्र गुलिया को नगर निगम में जेडटीओ का कार्यभार सौंपा गया था।

### कर्मचारी का कंप्यूटर गिराना निंदनीय: आयुक्त

नगर निगम कार्यालय में क्लर्क का कंप्यूटर गिराने व प्रॉपर्टी आईडी संबंधी कार्य में विलंब किए जाने का मामला संज्ञान में आया है। व्यक्ति व कर्मचारी दोनों को कार्यालय में बुलाकर समझाया गया है। कर्मचारी का कंप्यूटर गिराना निंदनीय है। साथ ही दोनों को मर्यादापूर्ण रवैया अपनाने की हिदायत दी गई है। व्यक्ति के प्रॉपर्टी आईडी संबंधी दस्तावेजों की जांच करवाकर जल्द समाधान करवाया जाएगा।

-हर्षित कुमार, आयुक्त, नगर निगम, सोनीपत

### कर्मचारी से मामले संबंधी ली जाएगी जानकारी: गुलिया

कर्मचारी से मामले संबंधी जानकारी ली जाएगी। यदि किसी स्तर पर कोई अड़चन आ रही है, तो उसे जल्द दूर करवाया जाएगा। यदि कोई कर्मचारियों के साथ अभद्रता करता है या तंग करता है, तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

-पवित्र गुलिया, जोनल टैक्स अधिकारी, नगर निगम



गोहाना। अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 13.5 एकड़ भूमि पर अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

गोहाना। प्रशासन ने गुरुवार गोहाना में महमूदपुर रोड और नगर गांव की राजस्व संपदा में 13.5 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कालोनियों को ध्वस्त कर दिया। जिला नगर योजनाकार अजमेर सिंह के अनुसार यह कार्रवाई उपायुक्त सुशील सारवान के निर्देश पर की गई। डीटीपी अजमेर सिंह के अनुसार कार्रवाई के दौरान एक निर्माणाधीन मकान, 25 डीपीसी, दो प्लाटों की चारदीवारी, सीवरेज सिस्टम के ढांचे और कच्चे व पक्के रास्तों को ध्वस्त किया गया। उन्होंने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार की अवैध कालोनी के निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी और ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करवाई जाएगी। डीटीपी ने लोगों से अपील की कि वे अवैध कालोनियों में प्लाट खरीदने से बचें। ऐसी कालोनियों में सरकार द्वारा सडक, पानी, सीवरेज और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई जातीं।

## नाबालिग के यौन शोषण के आरोप में सेवानिवृत्त सैनिक गिरफ्तार

पड़ोस में रहती है नाबालिग तबीयत बिगड़ी और गर्भपात करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

शहर थाना क्षेत्र की महिला ने पड़ोसी सेवानिवृत्त 62 वर्षीय सैनिक पर 17 वर्षीय बेटी के यौन शोषण का आरोप लगाया है। किशोरी की तबीयत बिगड़ने और गर्भपात होने के बाद पूरे प्रकरण का खुलासा हुआ, जिससे परिवार में हड़कंप मच गया। महिला के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शहर थाना क्षेत्र की किशोरी को पेट दर्द की शिकायत होने पर परिजनों ने डॉक्टर को दिखाया था। वहां से परिजन दवा दिलाकर उसे घर ले आए। किशोरी का गर्भपात हो गया। बेटी ने अपनी मां को आपबीती बताई। पता लगा कि किशोरी करीब साढ़े माह की गर्भवती थी, जिससे परिजन स्तब्ध रह गए।

### डर व दबाव में लंबे समय तक चुप रही पीड़िता

बताया गया है कि आरोपी पूर्व सैनिक पीड़िता का पड़ोसी है और उसने नाबालिग की मासूमियत व भरोसे का फायदा उठाकर उसके साथ गलत काम किया था। आरोपी मई 2025 से किशोरी का यौन शोषण करता आ रहा है और अब परिवार को पता लगा। बदनामी के डर और मानसिक दबाव के कारण किशोरी लंबे समय तक चुप रही।

### मां की शिकायत पर दर्ज हुई प्राथमिकी

किशोरी की मां की शिकायत पर सोनीपत सिटी थाना पुलिस ने 31 जनवरी को आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस ने अब आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।



सोनीपत। पुरखास रोड पर शनि मंदिर के पास सरकारी जमीन पर बनाई गई दीवार। फोटो : हरिभूमि

### पुरखास रोड पर रातों-रात सरकारी जमीन पर दीवार खड़ी करने का लगाया आरोप

सोनीपत। पुरखास रोड पर शनि मंदिर के पास विनायक गार्डन के सामने किसी अज्ञात व्यक्ति ने नाले पर रातों-रात सरकारी जमीन पर दीवार खड़ी कर लोगों के लिए परेशानी खड़ी कर दी। स्थानीय दुकानदारों का कहना है दीवार खड़ी करने से कुम्हार गेट की ओर आने-जाने का रास्ता बंद हो गया है। सुबह अचानक दीवार का निर्माण देखकर दुकानदार भड़क गए। आसपास के दुकानदारों ने मौके पर एकत्रित होकर रोष जताया। साथ ही दीवार को हटाने की मांग की।

- दुकानदारों ने एकत्रित होकर जताया रोष, नगर निगम से मामले में कार्रवाई करने व दीवार हटाने की उठाई मांग

दुकानदार सोहनलाल, शंकर, शम्मी, संजय कुमार, पवन रोहिल्ला ने बताया कि विनायक गार्डन के सामने सरकारी जमीन पर नाला बना हुआ है। दुकानों के बीच बने नाले पर किसी ने रात को अचानक दीवार खड़ी कर दी। कुछ दीवार का हिस्सा मंगलवार रात को बनाया गया, इसके बाद बुधवार रात पूरी दीवार खड़ी करके कुम्हार गेट की ओर जाने का रास्ता बंद कर दिया। वीरवार सुबह दुकानदार जब अपनी दुकानों पर पहुंचे तो उन्होंने रोष जताया। दुकानदारों का कहना है कि यह सरकारी जमीन है। यहां से नाला गुजर रहा है। गली कुम्हार गेट की ओर जाती है। आरोप है कि किसी आसपास के व्यक्ति ने यहां दुकान बनाने की नियत से दीवार का निर्माण किया है। रात को ही दीवार खड़ी कर रास्ते को बंद कर दिया है। इस बारे में नगर निगम के भवन निरीक्षक आनंद किशोर ने बताया कि जल्द मौके का निरीक्षण कर स्थिति की जांच की जाएगी। यदि सरकारी जमीन पर कब्जा किया गया तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



सेलिब्रेशन/ शिखर चंद जैन

# ये अनोखे फेस्टिवल्स यहां बच्चे करते हैं फुल मस्ती-धमाल



फेस्टिवल कोई भी हो, उसे सबसे अधिक एंज्वॉय बच्चे ही करते हैं। हम तुम्हें दुनिया भर में मनाए जाने वाले कुछ ऐसे फेस्टिवल्स के बारे में बता रहे हैं, जो कई मामलों में बहुत अनोखे हैं, यहां तुम खूब जम कर मस्ती कर सकते हो।

### जस्ट सो फेस्टिवल, चेशायर इंग्लैंड

**यह फेस्टिवल** किसी जादुई जंगल में आ जाने जैसा है। यहां बच्चे और उनके माता-पिता भालू, लोमड़ी और शेर के गेटअप में जंगलों में कैंपिंग करते हैं। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण 'कहानियों का जंगल' यानी एक काल्पनिक दुनिया



है। यहां बच्चों और उनके माता- पिता को संगीत, कला और साहित्य के माध्यम से अलग-अलग किरदारों को जीने का मौका मिलता है। ट्राइबल टूर्नामेंट यहां की सबसे प्रसिद्ध परंपरा है। इसमें भाग लेने वाले लोग लोमड़ी, मेंढक, उल्लू या मछली जैसे विभिन्न 'कबीलों' में बंट जाते हैं। इस फेस्टिवल में पूरे वीकेंड तरह-तरह की प्रतियोगिताएं होती हैं। यहां रात के समय कहानी सुनना, जंगलों के बीच कलाकृतियां बनाना, लाइव म्यूजिक, डांस और थिएटर जैसी एक्टिविटीज शामिल हैं। यह फेस्टिवल इंग्लैंड के चेशायर में सुंदर उद्यानों और जंगलों में आयोजित किया जाता है, जो इसे एक परिकथा जैसा माहौल देता है। इस साल यह उत्सव 21 से 23 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। *

### कैंप बेस्टिवल, डोरसेट यूके

**बच्चों के** लिए खास आकर्षण कैंप बेस्टिवल को विशेष रूप से 'फैमिली फ्रेंडली' फेस्टिवल माना जाता है। इस साल इसे 'सीसाइड' (समुद्र के पास) थीम के साथ मनाया जाएगा। इस बार के फेस्टिवल में बच्चों के चहेते मिस्टर टम्बल, ब्लिपी और मिस्टर मेकर लाइव शो करेंगे। साथ ही 'हॉरिबल हिस्ट्रीज' की टीम इतिहास को मजेदार अंदाज में पेश करेगी। यहां म्यूजिक के अलावा 100 से अधिक एक्टिविटीज होंगी, जिनमें सर्कस वर्कशॉप, साइंस शो, आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स और एडवेंचर स्पोर्ट्स शामिल हैं। यहां आए लोग अपनी फैमिली के साथ टेंट या लग्जरी कैंप्स में ठहर सकते हैं। यह चार दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम इस साल 30 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक यूके के डोरसेट में ऐतिहासिक लुलवर्थ कैसल मैदानों में आयोजित किया जाएगा। *

### इंटरनेशनल चिल्ड्रेंस फेस्टिवल ऑफ द आर्ट्स, सेंट अल्बर्ट कनाडा

**यह कनाडा** के अल्बर्टा प्रांत के सेंट अल्बर्ट शहर में आयोजित होने वाला एक प्रतिष्ठित वार्षिक उत्सव है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को विश्व स्तरीय कला, संगीत, थिएटर और नृत्य से रूबरू कराना है। यह मेला केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका लक्ष्य बच्चों की कल्पनाशीलता को जगाना और उन्हें सांस्कृतिक



विविधता के प्रति जागरूक करना है। यह उत्सव बच्चों के लिए किसी जादुई दुनिया से कम नहीं होता। इसमें दुनिया भर से आए कलाकार एक्रोबेटिक्स, कठपुतली शो, थिएटर और मैजिक शो पेश करते हैं। यहां बच्चे भी केवल दर्शक नहीं होते, बल्कि वे खुद कलाकार बनते हैं। मिट्टी के बर्तन बनाना, पेंटिंग, ड्रम बजाना और नृत्य जैसी कई इंटरैक्टिव वर्कशॉप आयोजित की जाती हैं। यहां की स्टर्जन नदी के किनारे खुले मैदानों में चेहरे पर पेंटिंग, गुब्बारे की कला और सड़क किनारे होने वाले करतब बच्चों का मन मोह लेते हैं। यह उत्सव कनाडा की बहुसांस्कृतिक पहचान को दर्शाता है। इसमें स्वदेशी कलाकारों के प्रदर्शन और कहानियों को विशेष स्थान दिया जाता है, जिससे बच्चे अपनी जड़ों और अन्य संस्कृतियों को समझ सकें। यह उत्सव इस साल 29 मई से 1 जून तक आयोजित किया जाएगा। *

### सांता क्रूज डी टेनेरिफ, कैनरी द्वीप स्पेन

**स्पेन के** इस द्वीप पर कार्निवल के दौरान बच्चों की अपनी अलग प्रतियोगिताएं होती हैं। छोटे बच्चों की अपनी 'क्वीन' चुनी जाती है, जो भारी और बेहद सुंदर गाउन पहनती है। यहां की 'मर्गस' नाम की संगीत मंडलियां बच्चों के लिए मजाकिया गाने गाती हैं। बच्चों के लिए खूब मौज-मस्ती भरा होता है यह फेस्टिवल। *



### गोवा कार्निवल, गोवा भारत

**बच्चो, अपने** देश में भी कई रंग-बिरंगे और ज्वॉयफुल फेस्टिवल्स मनाए जाते हैं। गोवा कार्निवल भी किसी विदेशी फेस्टिवल से कम नहीं है। यहां हर साल एक स्थानीय व्यक्ति को 'किंग मोमो' चुना जाता है। किंग मोमो को कार्निवल्स का राजा माना जाता है। किंग मोमो के आदेश पर ही गोवा कार्निवल की शुरुआत होती है। इस मेले में सड़कों पर झांकियां निकलती हैं। बच्चे चमकीले कपड़े पहनकर सड़कों पर गिटार और ड्रम बजाते हैं। यह त्योहार हमें सिखाता है कि खुश रहना ही सबसे बड़ा उत्सव है। इस वर्ष गोवा कार्निवल 13 से 17 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। *



अनोखा जंतु / अंजू जैन

बच्चो, प्रकृति में अनोखी शारीरिक विशेषताओं से युक्त अनेक जीव-जंतु, कीट-पतंगे पाए जाते हैं। ऐसा ही एक जंतु है ओलियंडर हॉक। इसकी कई प्रजातियां पाई जाती हैं। इसकी कौन-सी विशेषताएं हैं, यह कहां-कहां पाया जाता है, जानो।

# छिपने में माहिर सुंदर-आकर्षक ओलियंडर हॉक



बच्चो, दिखने में बहुत ही सुंदर और अद्भुत शारीरिक क्षमता वाला पतंगा है ओलियंडर हॉक। यह शिकारियों से छिपने की कला में बहुत माहिर होता है। इसका वैज्ञानिक नाम 'डैफनीस नेरी' है। इसे 'आक का पतंगा' भी कहा जाता है, क्योंकि इसके कैटरपिलर (लार्वा) आमतौर पर आक के पौधों पर पाए जाते हैं। इसे 'हॉक-मॉथ' या 'स्फिंक्स मॉथ' के नाम से भी जाना जाता है। इसकी लगभग 1,450 प्रजातियां पाई जाती हैं।

**शारीरिक रंग-रूप:** ओलियंडर हॉक के पंखों का फैलाव लगभग 9 सेंटीमीटर से 13 सेंटीमीटर तक होता है। हालांकि इसके रंग अलग-अलग होते हैं, लेकिन इसके पंख आमतौर पर हरे और जैतून के रंग के पैटर्न से बने होते हैं। इससे इसका रंग-रूप सैनिकों की वर्दी जैसा दिखता है। इसीलिए इसे 'आर्मी ग्रीन मॉथ' के नाम से भी जाना जाता है। इसके प्रत्येक पंख पर भूरे और सफेद रंग की धारियों वाली आंखों जैसी संरचना होती है। यह पतंगा अपनी रंग-बिरंगी खूबसूरत कैमोफ्लॉज डिजाइन के लिए जाना जाता है। इसके पंखों पर हरे, गुलाबी और सफेद पैटर्न बने होते हैं, जो इसे पत्तों के बीच छिपने में मदद करते हैं।



**ओलियंडर हॉक के कैटरपिलर:** आमतौर पर ओलियंडर हॉक के कैटरपिलर लाल-भूरे और काले रंग के होते हैं, जिसके पूरे शरीर पर सफेद धब्बे होते हैं। ये पुदीने जैसे हरे, लाइम ग्रीन या नीले रंग के भी होते हैं। लार्वा के शरीर पर बड़े-बड़े आंख जैसे धब्बे होते हैं, जो शिकारियों को डराने के लिए आकार में बढ़ते हैं। इसके शरीर के पिछले हिस्से पर एक मांसल सींग भी होती है, जो पीले या काले रंग की होती है। ओलियंडर हॉक में उड़ने और तेजी से मंडराने की अच्छी क्षमता होती है। एक वयस्क ओलियंडर हॉक-मॉथ का जीवनकाल लगभग 10-30 दिनों का होता है। वयस्क होने से पहले यह अंडे, लार्वा, प्यूपा जैसे विभिन्न चरणों से गुजरता है।

**कहां-कहां पाया जाता है:** ओलियंडर हॉक उत्तरी अफ्रीका, एशिया और यूरोप के कई हिस्सों में मूल रूप से पाए जाते हैं। यह एक प्रवासी प्रजाति है, इसलिए यह अपने मूल क्षेत्र के बाहर भी पाया जा सकता है। यह गर्म इलाकों में रहना पसंद करता है। ये ज्यादातर समय पहाड़ियों और झाड़ियों पर बिताते हैं। ये शाम ढलने के बाद सबसे ज्यादा सक्रिय होते हैं। ये आमतौर पर मानव बस्तियों के पास रहने पर प्रकाश स्रोत की ओर आकर्षित होते हैं।

**क्या है भोजन:** ओलियंडर के कैटरपिलर आक के पत्तों को खाते हैं। वयस्क ओलियंडर हॉक विभिन्न फूलों के रस से अपना भोजन प्राप्त करते हैं। यह रस पीने के लिए हमिंगबर्ड की तरह फूलों के ऊपर मंडराते रहते हैं। चमेली, विंका, पेटुनिया और हनीसकल (मधुमालती) जैसे फूलों को ये विशेष रूप से पसंद करते हैं। *

बालगीत / सिराज अहमद

## चाचू तफरीबाज

अपने चाचू हैं
मजाकिया थोड़े तफरीबाज
नाटक करते ऐसा
कि तुम उनको समझ न पाओ
झूठमूठ गुस्साते
फिरते, उलझन में पड़ जाओ
फिर हंसते तो
दादी बोले आ जाओ तुम बाज
कभी रात में
बनकर काला भूत डराते हमको
कभी-कभी
आंगन में यूं ही बस दौड़ाते हमको
कभी निकाले
मुंह से बंदर-बिल्ली की आवाज

छुपम-छुपाई
खेले बनकर, हम जैसे ही बच्चे
हम कहते हैं
चाचू अपने, जग में सबसे अच्छे
उनको हमसे
प्यार बहुत है, हमको उन पर नाज



## बूझो तो जानें



1
तरल रूप में पाया जाऊं,
जीवन का पर्याय कहाऊं।
ठोस रूप भी मैं ले सकता,
गर्म करो तो मैं उड़ जाऊं।



2
लता में लगने वाला पत्ता,
शौक से खाया जाता।
कत्थे-चूने की परतों से,
खूब सजाया जाता।


3
चपर-चपर चरती है चारा,
मैं-मैं कर मिमियाए।
दूध बड़ा गुणकारी देती,
बोलो क्या कहलाए?

- वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1. पानी, 2.पान, 3. बकरी

## जीके क्विज-191

1. देश की वर्तमान वित्त मंत्री कौन हैं?
2. पुरुष हॉकी इंडिया लीग 2026 का खिताब किसने जीता है?
3. 'दिल्ली चलो' का नारा किसने दिया था?
4. 500 सिंगल्स मुकाबले जीतने वाली पहली भारतीय शटलर कौन बन गई हैं?
5. रात में दिखाई पड़ने वाला सबसे चमकीला तारा कौन-सा है?
6. पृथ्वीराज चौहान कहां के शासक थे?
7. स्वतंत्र भारत के पहले वित्त मंत्री कौन थे?
8. 'आनंदमठ' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
9. सफेद सोना (व्हाइट गोल्ड) किसे कहा जाता है?
10. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?



**बच्चों, जीके क्विज-191 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-190 का उत्तर :** 1.साइना नेहवाल, 2.आर्यन वार्ष्णेय, 3.राजनाथ सिंह, 4.शाहजहां, 5.शुभांशु शुक्ला, 6.पद्म विभूषण, 7.टोकोफेरॉल, 8.विटामिन डी, 9.वृहस्पति, 10.बछेंद्री पाल

**जीके क्विज-190 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, रमेश-बैकुंठपुर, दारा-महासमुंद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, श्रेया-दामोह, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, अंकित-दुर्ग, सारिका-रायपुर, नेहा-भोपाल, ज्योति-बैकुंठपुर

घर में आदमी, गाय, कुत्ते ने साथ-साथ कैसे रहना शुरू किया, इसके पीछे बड़ी रोचक कहानी है। बच्चो, तुम भी इसको जानो।

# कहानी घर, पेड़ और गाय की



कहानी
समीर गांगुली



एक घर, एक पेड़ और एक गाय तीनों अड़ोसी-पड़ोसी थे। पेड़ को रात में चलने की बीमारी थी। घर में कोई मनुष्य नहीं रहता था। वह जब-तब आवाज देकर लोगों को अपने यहां रहने के लिए बुलाया करता था। जब कोई आ जाता तो घर तरह-तरह की करतूतों से उसे डराता और रात-बेरात भगा देता था। गाय को गाने का बड़ा शौक था, वह सारा दिन अपनी धुन में गाती रहती थी। लेकिन बड़ा बेसुरा गाती थी, सो कोई उसके पास नहीं फटकता था।

बस थोड़ी दूर एक कुत्ता भी रहता था, जो दूर से ही इन तीनों की हरकतों को देखता रहता था। एक दिन खूब जोर से बारिश आई, पेड़ नाचने लगा। गाय डर कर चुप हो गई और घर ने आवाज देकर बारिश में भीगते कुत्ते को बुलाया। कुत्ता भीगता-भीगता घर के अंदर पहुंचा। घर के बीचोंबीच एक दरी बिछी थी। कुत्ता जाकर उस पर बैठ गया। उसे वहां बैठ कर बड़ा अच्छा लगा। खिड़की से नाचते पेड़ को देखा तो पेड़ ने उसे बाहर आकर नाचने का न्योता दिया। वह बाहर गया तो नहीं, मगर पेड़ का नाच उसे पसंद आया। इसके बाद गाय पर नजर पड़ी तो डरी गाय को देखकर उसकी मदद करने का मन हुआ। उसने गाय की तरफ देखकर एक लंबी सी आवाज निकाली, जिसे गाय ने कुत्ते का गाना समझा और वह भी उछल कर जोर-जोर से गाने लगी। वही बेसुरा गाना और गाते-नाचते घर के दरवाजे तक आ गई।

घर धूल-मिट्टी और कबाड़ से भरा था। कुत्ते ने झाड़ियों का एक झाड़ू बनाया और घर को साफ कर दिया। इससे घर खुश हुआ, वह बोला, 'आज से हम सब दोस्त। अब हमारे सुख-दुख साझा हैं।'

कुत्ता खुश हो गया। उसे बहुत दिनों बाद किसी से बात करने का मौका मिल रहा था। वह तुरंत बोला, 'ठीक है, हमारे सुख-दुख हैं क्या?

गाय ने सिर हिलाकर कहा, 'मुझे तो पता नहीं।'

घर हंसा और बोला, 'चलो किसी आदमी को बुलाते हैं। वही हमें सुख और दुख दोनों देगा।' और फिर वे आदमी का इंतजार करने लगे। एक दिन आदमी आया और उसने घर से पूछा, 'क्या मैं यहां थोड़ी देर विश्राम कर सकता हूं? बस आज रात?'

कुत्ते ने आदमी का एक चक्कर लगाकर पूछा, 'मगर तुम्हारी गठरी में क्या है?'

आदमी बोला, 'सुख और दुख।'

यह सुनकर घर, कुत्ता और गाय एक साथ बोले, 'हां-हां, क्यों नहीं! चाहो तो हमेशा के लिए रह जाओ।' तब से आदमी, घर, कुत्ता और गाय साथ-साथ रहते हैं। सुख-दुख मिल कर सहते हैं। *



कहानी
मोहम्मद अरशद खान


एक दिन मम्मी की तबीयत बिगड़ी तो दिल्लू ने दादी की मदद से उनके लिए दलिया बनाई। अपने लिए पिज्जा ऑर्डर कर दिया। लेकिन इस ऑर्डर को उसने कैंसिल कर दिया। उसने भी मजे से दलिया खाई। आखिर दिल्लू का मन कैसे बदल गया?

# दिल्लू ने बनाया दलिया

दादी को दम-आलू अच्छा लगता है। पापा को शाही पनीर बहुत पसंद है। मम्मी के लिए राजमा-चावल के आगे सब बेकार। पर दिल्लू को क्या पसंद है...? कुछ नहीं। दाल में मजा नहीं आता। गोभी अजीब लगती है। बैंगन बेकार है। लौकी-कद्दू का तो कोई नाम भी न ले। पालक, परवल, भिंडी कुछ भी अच्छा नहीं लगता।

आज मम्मी को बुखार आ रहा है। सुबह से बिस्तर पर पड़ी हुई हैं। कामवाली बुआ गांव गई हैं। उनकी बेटी की शादी है। पापा ड्यूटी गए हैं। घर पर अकेली दादी हैं। तो फिर खाना कौन बनाएगा? दिल्लू बेफिक्र है। दादी का व्रत है। इसलिए वह सिर्फ फल खाएंगी। फ्रिज में ढेर सारे फल पहले से रखे हैं। अपने लिए वह पिज्जा ऑर्डर कर लेगा। लेकिन मम्मी...? वह क्या खाएंगी? डॉक्टर ने कहा है सिर्फ हल्का-फुल्का खाना दे सकते हैं- जैसे दलिया। 'हां, यही ठीक रहेगा। मम्मी के लिए दलिया बना दूंगा। अपने लिए डबल चीज पिज्जा ऑर्डर कर देता हूं।' दिल्लू ने सोचा। लेकिन दलिया बनाना तो उसे आता नहीं। 'कोई बात नहीं दादी से पूछ लूंगा।' सोचता हुआ दिल्लू किचन में जा पहुंचा। 'सबसे पहले क्या करना होगा...?' उसने दादी को जोर से आवाज लगाते हुए पूछा।

दादी मुश्किल से चलती हुई किचन में आईं। दिल्लू उनके बैठने के लिए कुर्सी ले आया। दादी बैठती हुई बोलीं,'सबसे पहले एक साफ पैन लेना होगा। फिर चूल्हा जलाना होगा...।' 'उफ, दादी ये सब तो मालूम है। उसके आगे बताइए।' दिल्लू चिढ़कर बोला। 'तो फिर एक कटोरी दलिया लो और पैन में हल्की आंच पर इसे भून लो।' उसके खीझने पर दादी हंसते हुए बोलीं।



दिल्लू दलिया भूनने लगा। बीच-बीच में पूछता, 'अब बस करूं?'

दादी कहतीं, 'थोड़ा और, जब खुशबू आने लगे।' 'अब आगे क्या करना है?' दलिया भूनने के बाद दिल्लू ने पूछा।

दादी ने बताया, 'अब देसी घी की छौंक लगानी है।' 'लेकिन घी कहां रखा है?' दिल्लू ने पूछा। 'ये तो मुझे भी नहीं पता, मम्मी से क्यों नहीं पूछ लेते?' दादी ने कहा। 'श... श... श... उन्हें सरप्राइज देना है।' दिल्लू ने होंठों पर अंगुली रखते हुए कहा। कई मर्तबानों के ढक्कन खोलने के बाद घी मिला। अब लौंग-इलायची ढूंढना इससे भी मुश्किल काम था। पर उसने ढूंढ निकाला। अब जरूरत थी, दूध और शक्कर की। यह ढूंढना थोड़ा आसान था। दिल्लू दलिया बनाने में कसर नहीं छोड़ना चाहता था। ताकि मम्मी को भी पता लगे, वह कितना अच्छा कुक है। अखिरकार दलिया बनकर तैयार हो गया। लेकिन इतने से काम में दिल्लू के पसीने छूट गए। हाथ जलते-जलते बचा और कपड़े भी गंदे हुए, पर वह खुश था।

'थोड़ा ठंडा हो जाने दो, फिर परोस देना।' दादी उसकी पीठ थपथपाती हुई कमरे में चली गईं। मम्मी अभी सो रही थीं। दिल्लू ने सोचा क्यों न दलिया चखकर देखा जाए। पहली बार खुद से कोई चीज बनाई है। पता नहीं कैसा स्वाद हो। मम्मी को अच्छी लगे न लगे। उसने कटोरे में दलिया निकाला। डरते-डरते एक चम्मच मुंह में रखा। स्वाद पाते ही उसका चेहरा खिल उठा। दलिया तो बहुत अच्छा बना था। 'वाह क्या स्वाद है!' एक चम्मच... दो चम्मच... तीन चम्मच... वह खाता ही रहा। 'मम्मी के लिए दोबारा बना लूंगा।' उसने सोचा।

दादी बाथरूम से लौट रही थीं। दिल्लू को देखकर बोलीं, 'तुम तो कहते थे तुम्हें दलिया पसंद नहीं है।' 'पर आज से अच्छा लगने लगा है।' दिल्लू हंसकर बोला।

'लेकिन तुमने पिज्जा ऑर्डर किया था। उसका क्या होगा?' दादी को भी हंसी आ गई। 'वह ऑर्डर तो मैंने कैंसिल कर दिया।' दिल्लू ने कहा और पैन में बचा दलिया कटोरे में उड़ेल लिया। *

## रंग भरो-195

**रंग भरो-195** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





सरस्वती, दिल्ली



वेदिका, कोरबा
डिंपल, दुर्ग
पूर्वी, खैरागढ़
कल्पित, बालोद
श्रुति, भिवानी

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

पयोधि-अंबिकापुर, आन्या-दुर्ग, आदित्य-खैरागढ़, अनुभव-सूरजपुर, चेतन-दुर्ग, धरनी-दुर्ग, प्रतिभा-सारंगढ़ बिलाईगढ़, खुशी-रोहतक, रितेश-मटियारी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, आकाश-बलौदा बाजार

## रंग भरो 196



बच्चो, यहां एक क्यूट-से पांडा का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



### दसवीं के विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन सत्र का आयोजन

**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत विद्यालय में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अंकुर रोहिल्ला ने विद्यार्थियों को सही स्ट्रीम चयन को लेकर विशेषज्ञ सलाह प्रदान की। उन्होंने विभिन्न विषय संयोजनों और करियर पर पड़ने वाले प्रभावों को सरल व स्पष्ट रूप में समझाया।

### लॉन टेनिस में अन्नू का शानदार प्रदर्शन

**राई।** दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम परिसर में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय लॉन टेनिस प्रतियोगिता (अंडर-19 बालिका वर्ग) में हरियाणा की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रजत पदक हासिल किया। रोमांचक मुकाबले में हरियाणा की टीम को करीबी अंतर से हार का सामना करना पड़ा, जिसके चलते महाराष्ट्र ने स्वर्ण अपने नाम किया, हरियाणा की टीम उपविजेता रही। हरियाणा की टीम का प्रतिनिधित्व मोतीलाल नेहरू खेलकूद स्कूल, राई की छात्रा अन्नू ने किया।

### युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**सोनीपत।** युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत बीट्स मोहाना में आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय गहन आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरूवार को समापन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा की स्थिति में समुदाय स्तर पर पहले उत्तरदाताओं के रूप में सक्षम युवाओं को तैयार करना था।

### सम्मेलन सफल बनाने के लिए शक्ति ठेकेदार ने किया जनसंपर्क

**खरखौदा।** प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खरखौदा में सम्मेलन होने जा रहा है। जिसे सफल बनाने के उद्देश्य से समाज सेवी शक्ति ठेकेदार द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। गोपालपुर वासियों से 8 को आयोजित होने वाले प्राकृतिक खेती सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने का आह्वान किया।

## दमनकारी कार्रवाई के विरोध में पेन डाउन हड़ताल

# राजस्व अधिकारी एसोसिएशन ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

**जिला राजस्व अधिकारी व तहसीलदार ने सीटीएम को सौंपा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा राजस्व अधिकारी एसोसिएशन के बैनर तले वीरवार को जिले के राजस्व अधिकारियों ने पैन डाउन हड़ताल की। प्रदेश सरकार को एक ज्ञापन भेजकर राजस्व विभाग के अधिकारियों के खिलाफ हो रही हालिया दमनकारी कार्यवाहियों पर विरोध दर्ज कराया है। इस दौरान जिला राजस्व अधिकारी व तहसीलदार ने सीटीएम को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों की गिरफ्तारियों और निलंबन से पूरे राजस्व तंत्र में कानूनी अनिश्चितता और भय का वातावरण बन गया है। इस स्थिति के विरोध में एसोसिएशन ने अब पेन डाउन हड़ताल शुरू करने का फैसला लिया है जिससे सोनीपत सहित पूरे प्रदेश में पंजीकरण और राजस्व कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है।

एसोसिएशन ने अपने ज्ञापन में मुख्य रूप से तीन अधिकारियों विक्रम सिंगला तहसीलदार रायपुर रानी, नरेंद्र कुमार नायब तहसीलदार वजीराबाद और संजीव अत्री तत्कालीन नायब तहसीलदार नारायणगढ़ के मामलों का उल्लेख किया है।



सोनीपत। सीटीएम को ज्ञापन सौंपते जिला राजस्व अधिकारी एवं तहसीलदार।

**समीक्षा की जाए**

एसोसिएशन का कहना है कि इन अधिकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई में वैधानिक प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया गया है। आरोपित अधिकारियों के मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 17ए के तहत मिलने वाले वैधानिक संरक्षण को नजरअंदाज किया गया है जिसके अनुसार किसी भी जांच से पूर्व सक्षम प्राधिकारी की अनुमति अनिवार्य है। सोनीपत के राजस्व अधिकारियों ने मांग की है कि स्टाम्प शुल्क के कम मूल्यांकन वाले मामलों को आपराधिक रंग देने के बजाय स्टाम्प अधिनियम की धारा 47ए के तहत वैधानिक प्रक्रिया से निपटाया जाए। एसोसिएशन ने सरकार से मांग की है कि इन सभी मामलों की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाए और गिरफ्तारियों व निलंबन जैसी कार्यवाहियों की तत्काल प्रशासनिक समीक्षा की जाए। एसोसिएशन का तर्क है कि वैधानिक कर्तव्यों का पालन करने वाले अधिकारियों को बिना किसी प्राथमिक जांच के प्रताड़ित करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। जब तक सरकार इन मांगों पर सकारात्मक हस्तक्षेप नहीं करती तब तक राजस्व कार्य ठप रहेंगे।

## शैक्षणिक सत्र के अंतर्गत मिलन समारोह का आयोजन

# टीम भावना-अनुशासन व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

राजकीय उच्च विद्यालय व स्वामी चेतना सीनियर सेकेंडरी स्कूल तेहा में शैक्षणिक सत्र के अंतर्गत मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्देश्य दोनों विद्यालयों के शिक्षकों व विद्यार्थियों के बीच आपसी समन्वय, सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में राजकीय उच्च विद्यालय तेहा की ओर से दिव्या शर्मा, धर्म सिंह, ज्योति रानी तथा देवेंद्र ने सक्रिय सहभागिता निभाई। वहीं स्वामी चेतना सीनियर सेकेंडरी स्कूल से पूनम, कीर्ति, किरण एवं रेखा ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। मिलन समारोह में कक्षा चौथी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें दौड़, कबड्डी, खो-खो सहित अन्य मनोरंजक खेल शामिल रहे। खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में टीम भावना, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने पर जोर दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने समारोह में चार चांद लगा दिए। विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत और लघु नाटिकाओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाते हैं।



गन्नौर। कार्यक्रम के प्रतिभागी छात्र स्कूल के शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### गन्नौर: खंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता 9 से

**गन्नौर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वार्षिक खंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 9 फरवरी को रौनक पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में किया जाएगा। सीडीपीओ शीला कुमारी ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ना, उनकी छिपी प्रतिभा को मंच देना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं के लिए अलग-अलग खेल स्पर्धाएं रखी गई हैं।

## खबर संक्षेप

### गुरु-शिष्यों को करवाया सूर्य नमस्कार का अभ्यास



**गोहाना।** गांव मदीना में गोहाना-महम मार्ग स्थित डीबीएम पब्लिक स्कूल में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गुरु और शिष्यों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। अध्यक्षता संस्थान के एमडी विकास मलिक ने की। हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सूर्य नमस्कार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. राम अवतार के नेतृत्व एवं जिला योग को-ऑर्डिनेटर डॉ. विनोद, योग विशेषज्ञ डॉ. संगीता व नोडल अधिकारी डॉ. जितेंद्र की देखरेख में सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में शिक्षक एवं विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में डीबीएम पब्लिक स्कूल में योग सहायक सुनील, विक्की, बबीता, अरुण, प्रोमिला और सुनीता ने शिक्षक और विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया।

### स्वयंसेविकाओं ने घर-घर प्रचार-प्रसार का लिया संकल्प



**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज की एनएसएस की स्वयंसेविकाओं ने युवा आपदा मित्र प्रबंधन प्रशिक्षण में सक्रिय भूमिका निभाते हुए घर-घर प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया। जीवीएम संस्थाओं के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने स्वयंसेविकाओं को प्रोत्साहित किया कि वे प्राप्त प्रशिक्षण का लाभ सहपाठियों व सगे-संबंधियों को भी दें। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में युवा आपदा मित्र योजना के तहत 30 जनवरी से 5 फरवरी तक बीआईटीएस मोहना में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में जीवीएम की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी रूचिका विरमानी के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम अधिकारी रूचिका विरमानी ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को आपदा से पूर्व तैयारी, आपातकालीन प्रतिक्रिया, प्राथमिक उपचार, राहत एवं पुनर्वास से संबंधित व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान करना रह।

# जागरूकता ही साइबर क्राइम से बचाव का सबसे बड़ा हथियार : गीता चोपड़ा



सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में 'साइबर सेफ्टी एंड सिक्योरिटी' विषय पर आयोजित इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान मौजूद शिक्षकगण।

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में सीबीएसई के सौजन्य से 'साइबर सेफ्टी एंड सिक्योरिटी' विषय पर इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के शिक्षकों ने हिस्सा लिया। स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन अमित दहिया के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ किया। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा कि डिजिटल युग में हमारी जिंदगी इंटरनेट से पूरी तरह जुड़ चुकी है। ऑनलाइन बैंकिंग, शॉपिंग, सोशल मीडिया और डिजिटल पेमेंट ने लोगों का काम आसान बना दिए हैं, लेकिन इसके साथ ही साइबर अपराधियों ने भी अपनी जड़ें गहरी कर ली हैं। इससे बचने के लिए समाज में जागरूकता लाना ही एकमात्र विकल्प है। इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम में शिक्षकों को साइबर सेफ्टी एंड सिक्योरिटी के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में अवगत कराया गया। शिक्षक अब इन सभी पहलुओं को बच्चों के माध्यम से समाज तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

■ ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में साइबर सेफ्टी एंड सिक्योरिटी' विषय पर इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम

## हनी माडर्न हाई स्कूल में विदाई समारोह

# दिपांशु व ऋतिक मिस्टर और अंशिका को मिस फेयरवेल चुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

बहालगढ़ स्थित हनी माडर्न हाई स्कूल के प्रांगण में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक, समाजसेवी सुरेश फौजी, जोगी समाज के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राजबीर जोगी तथा जगमन्द्र दीपालपुर ने शिरकत की। स्कूल के निदेशक सतनारायण आंतिल, उप निदेशक हीना आंतिल ने आए हुए अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्रा नव्या द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दसवीं कक्षा के छात्रों को भावभीनी विदाई दी। नौवीं कक्षा की छात्राएं प्राची, सीरत, नव्या, दिव्या, निकिता, कनिष्का, प्राची अवस्थी, अंशिका, सुलेखा सहित अन्य विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्र तरुण और रोहन द्वारा प्रस्तुत हरियाणवी नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। दसवीं कक्षा के छात्र ऋतिक और आभूष ने गुरु वंदना प्रस्तुत कर गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। दिपांशु और ऋतिक को मिस्टर फेयरवेल तथा अंशिका को मिस फेयरवेल चुना गया। मंच संचालन का दायित्व प्राची और सुलेखा ने किया।



राई। वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक व अतिथियों का सम्मान करते स्कूल के निदेशक सतनारायण आंतिल। फोटो : हरिभूमि

### निबंध प्रतियोगिता में छात्रा सुमन तृतीय रही



**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय खरखौदा में हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ. प्रमिला के दिशा निर्देशन में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सुमन कुमारी पुत्री बिजेंद्र ने आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत में आयोजित राष्ट्र स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर डॉ. प्रमिला ने बताया कि यह प्रतियोगिता ऑनलाइन आयोजित की गई थी, जिसमें छात्रा सुमन ने तीसरा स्थान प्राप्त कर 1100 रुपए के नकद पुरस्कार के साथ प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्राप्त की। महाविद्यालय इंचार्ज डॉ. योगिता ने हिंदी विभाग प्रभारी डॉ. प्रमिला और छात्रा सुमन की इस उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि कुशल नेतृत्व पाकर महाविद्यालय की छात्राएं शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं व सफलता प्राप्त कर रही हैं।

### मासिक शिविर में 210 मरीजों की आंखें जांची



**खरखौदा।** लाला जय नारायण धर्मशाला, खरखौदा में गुरुवार को ठाकुर जी की रसोई और युवा शक्ति क्लब के संयुक्त तत्वावधान में फ्री नेत्र जांच एवं ऑपरेशन कैंप सहित स्त्री रोग, हड्डी रोग, फिजीशियन तथा न्यूरो थैरेपी का विशाल चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। संयोजक नीरज गुप्ता ने बताया कि इस दौरान 210 मरीजों की निःशुल्क नेत्र जांच की, जिनमें से 23 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है। चयनित मरीजों के लिए शेख सराय, दिल्ली स्थित वेणु आई हॉस्पिटल में निःशुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था की गई है। साथ ही मरीजों के आने-जाने, ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था समिति द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। शिविर में आंखों की सामान्य बीमारियों, मोतियाबिंद, स्त्री रोग, हड्डी रोग एवं सामान्य रोगों की जांच कर मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। इस अवसर पर अपोलो हॉस्पिटल, दिल्ली की विशेषज्ञ टीम ने भी सहयोग प्रदान किया, जिससे लगभग 50 मरीजों ने लाभ उठाया। इसके अतिरिक्त राजू कोच द्वारा आयोजित निःशुल्क न्यूरो थैरेपी कैंप में 35 लोगों को दर्द एवं अन्य शारीरिक समस्याओं से राहत प्रदान की गई।

## मनोदेव इंटरनेशनल स्कूल में रंग पहचान से जुड़ी रोचक गतिविधियां करवाई




**खरखौदा।** मनोदेव इंटरनेशनल स्कूल, पिपली में नन्हें विद्यार्थियों के लिए ब्लैक व ब्राउन कलर डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में रंगों की पहचान एवं रचनात्मकता का विकास करना था। इस अवसर पर बच्चे काले और भूरे रंग की आकर्षक वेशभूषा में विद्यालय आए। शिक्षकों द्वारा रंग पहचान से जुड़ी रोचक गतिविधियाँ करवाई गईं। जिससे बच्चों ने आनंद के साथ सीखने का अनुभव प्राप्त किया। कक्षाओं को रंग-विषयक चार्ट और शिक्षण सामग्री से सजाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। विद्यालय प्रबंधन ने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।



## इंटर कॉलेज नेटबाल में जीता तीसरा स्थान

**सोनीपत।** मदवि द्वारा आयोजित नेटबॉल इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में टीकाराम गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने तीसरा स्थान हासिल किया। कॉलेज प्राचार्या गीता ने छात्राओं को बधाई दी। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ सुमन मान ने बताया की यह प्रतियोगिता 1 फरवरी से 2 फरवरी को मदवि के स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित की गई थी। जिसमें टीकाराम गर्ल्स कॉलेज की टीम ने खरखौदा महाविधालय की टीम को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया तथा 2 दो छात्राओं का चयन विश्वविधालय की टीम में हुआ। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. अल्का, सविता कुहाड़ ने भी छात्राओं को बधाई दी। टीकाराम शिक्षा समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने भी छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने की कामना की। फोटोःहरिभूमि

## ओलंपिक भारत उद्घाटन समारोह में शामिल हुए राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थी



**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय के आउट रीच सैल के तहत प्राचार्या डॉ तराना नेगी के मार्गदर्शन में आउट रीच सैल प्रभारी डॉ किरन सरोहा, गीता शर्मा और सुधीर के द्वारा 19 विद्यार्थियों को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में खेल परिसर में विशेष ओलंपिक भारत के उद्घाटन समारोह में ले जाया गया। इस खेल समारोह का उद्घाटन हरियाणा राज्य के माननीय मुख्यमंत्री नायक सिंह सैनी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी और स्टाफ सदस्य इस समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री द्वारा सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए शिक्षा के साथ खेलों के प्रति अपना उत्साह व रुचि कम न होने देने का आह्वान किया।

## कल्पना स्कूल में अंतर्सदनीय हरियाणवी नृत्य प्रतियोगिता में सत्यम सदन प्रथम




**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ में अंतर्सदनीय हरियाणवी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंच का संचालन अध्यापिका काजल द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के तीनों सदनों ( सत्यम्, शिवम् और सुंदरम्) के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। तैयारी कर्ता अध्यापिका मोनिका गुप्ता, वनीशा व शीतल ने विद्यार्थियों की तैयारी पूरे समर्पण और उत्साह के साथ करवाई। निर्णायक मंडली में विनीत शर्मा और रोहित शामिल रहे। घोषित परिणाम के अनुसार प्रथम स्थान पर सत्यम् सदन, द्वितीय स्थान पर शिवम् सदन और तृतीय स्थान पर सुंदरम सदन रहा। प्राचार्या उषा वत्स और प्राथमिक प्रभारी रितु ने विजेता सदनों को बधाई दी और प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।

## जीवीएम में एआई विषय पर शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता का आयोजन

# छात्रा तमन्ना का वीडियो सर्वश्रेष्ठ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कॉलेज के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) सेल द्वारा कॉलेज के कांफ्रेंस हॉल में आत्मनिर्भर भारत के लिए एआई थीम पर एमआईसी संचालित आईआईसी एक्टिविटी एवं एआई शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन तथा इनोवेशन सेल के सहयोग से आयोजित किया गया। इस सफल आयोजन पर संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने बधाई दी।



सोनीपत। कार्यक्रम का शुभारंभ करती प्राचार्या साथ में अतिथि एवं कॉलेज स्टाफ।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को भविष्य के करियर को आकार देने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका से अवगत कराना तथा भारत के तकनीकी इकोसिस्टम को सशक्त बनाने में उनकी सहभागिता को प्रोत्साहित करना था। यह आयोजन आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप एआई तैयार वर्कफोर्स के लिए ह्यूमन कैपिटल को सुदृढ़ करने पर केंद्रित रहा। सेशन के रिसोर्स पर्सन लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन के एआई इनोवेशन डिपार्टमेंट के असिस्टेंट मैनेजर सोनू गुप्ता तथा संजय यादव रहे।

कार्यक्रम का आयोजन आईआईसी संयोजक डा. प्रवीन शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें आईआईसी सदस्यों प्रीति, डॉ. प्रगति जमदग्नि, डॉ. रेणु, अंशु, डॉ. तमन्ना व डॉ. नवीन का विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता का मूल्यांकन कंप्यूटर विज्ञान विभागाध्यक्ष राकेश जुनेजा द्वारा किया गया। बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा तमन्ना द्वारा प्रस्तुत वीडियो को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया।

**ग्राम पंचायत गुढ़ा, ब्लॉक कथूरा तहसील-गोहाना, जिला सोनीपत**

**बोली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुढ़ा, खंड कथूरा, जिला सोनीपत (हरियाणा) में स्थित जनरल चौपाल एवं बाल भवन के कंडम/बेकार सामान की खुली बोली (नीलामी) दिनांक 22.02.2026 को सुबह 10:00 बजे जनरल चौपाल में करवाई जा रही है। जिसकी सिक्योरिटी राशि रु. 10000 है बाकी शर्ते मौके पर सुना दी जाएंगी।

हस्ता/- ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत गुढ़ा
खंड कथूरा,
जिला सोनीपत
मो. 9466903907

हस्ता/- सरपंच
ग्राम पंचायत गुढ़ा
खंड कथूरा,
जिला सोनीपत
मो. 9811792005

## खबर संक्षेप



### 32 क्षेत्रों में दिया जागरूकता का संदेश

**सोनीपत।** 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान के अंतर्गत जेआरसी एवं एमडी डी ऑफ इंडिया सोनीपत टीम द्वारा पिछले तीन दिनों के दौरान बाल विवाह मुक्त रथ के माध्यम से जिले में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान रथ ने जिले के लगभग 32 क्षेत्रों और गांवों का तूफानी दौरा कर हजारों शहरी व ग्रामीण नागरिकों को बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक किया।

### अरविंद को अचल जिला कोषाध्यक्ष किया नियुक्त

**सोनीपत।** ग्रामीण व वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से देशभर में कार्यरत एकल विद्यालय अभियान का विस्तार अब सोनीपत जिले में किया जा रहा है। इस क्रम में एकल विद्यालय के जिला अचल प्रमुख बिजेन्द्र ने अभियान की गतिविधियों व उद्देश्य की विस्तार से जानकारी दी। जिसमें संजय सिंगला को अचल जिला अध्यक्ष, संजय वर्मा को अचल जिला उपाध्यक्ष तथा एडवोकेट अरविंद मित्तल को अचल जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

### मारपीट कर गाड़ी छीनने में शामिल आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले के थाना सदर सोनीपत की पुलिस ने व्यक्ति से मारपीट कर गाड़ी छीनने की घटना में शामिल दूसरे आरोपित को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान राकेश निवासी गांव सुनारियां कलां जिला रोहतक के रूप में हुई है।

### 37 गुमशुदा मोबाइल फोन असल मालिकों को सौंपे

**सोनीपत।** साइबर सेल सोनीपत की टीम ने जनवरी माह के दौरान विशेष अभियान चलाकर 37 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद किए गए इन मोबाइल फोन की अनुमानित बाजार कीमत करीब नौ लाख रुपये बताई गई है, जिनमें विभिन्न कंपनियों के स्मार्टफोन शामिल हैं।

विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने विद्यार्थियों के दस्तावेज अपडेट करवाने के दिए निर्देश

# बोर्ड परीक्षा : आधार कार्ड व प्रवेश पत्र के फोटो का मिलान कर मिलेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विद्यार्थियों को इस बार फरवरी-मार्च माह में होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के केंद्रों में प्रवेश पाने के लिए सख्त नियमों से गुजरना होगा। विद्यार्थियों के आधार कार्ड व प्रवेश पत्र के फोटो मिलान के बाद ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश मिल सकेगा। ऐसे में विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से वर्ष 2025-26 के शैक्षणिक सत्र की बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं से पहले शिक्षा विभाग को विद्यार्थियों के आधार कार्ड में फोटो अपडेट करवाने के निर्देश दिए हैं। निदेशालय ने विभाग को पत्र जारी कर विद्यार्थियों के आधार कार्ड व प्रवेश पत्र में एक समान फोटो होने की बात कही गई है, ताकि परीक्षा केंद्र में प्रवेश के दौरान विद्यार्थियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से प्रदेश में कक्षा 10वीं की वार्षिक बोर्ड परीक्षाओं के लिए 25 फरवरी से 20 मार्च व कक्षा 12वीं की परीक्षा के लिए 26 फरवरी से 20 मार्च तक तिथि निर्धारित की है। फिलहाल सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों का विभिन्न विषयों पर प्रैक्टिकल लिया जा रहा है। 2 से 16 फरवरी तक प्रैक्टिकल के बाद बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ की जाएंगी। वहीं विभाग की ओर से सोनीपत में कुल 709 राजकीय विद्यालयों में से 75 राजकीय उच्च विद्यालयों व 135 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इनमें सोनीपत ब्लॉक के 11 राजकीय उच्च विद्यालय व 24 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भी शामिल हैं। साथ ही 4 निजी विद्यालयों में विद्यार्थी हरियाणा शिक्षा बोर्ड के तहत पढ़ाई कर रहे हैं।



**सोनीपत।** सेक्टर-14 स्थित जिला शिक्षा विभाग का कार्यालय।

### परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पर होती है परेशानी

शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि अक्सर परीक्षा के दौरान केंद्र में प्रवेश करते समय ज्यादातर विद्यार्थियों के आधार कार्ड व प्रवेश पत्र जैसे दस्तावेजों में फोटो अलग-अलग होने से विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। परीक्षा से पहले जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में विद्यार्थियों के आधार कार्ड व प्रवेश पत्र में एक समान फोटो अपडेट करवाने के निर्देश दिए हैं, ताकि विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान परेशानी का सामना न करना पड़े। विद्यार्थियों को बिना परेशानी के परीक्षा केंद्रों में प्रवेश मिल सके।

### अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

जिला शिक्षा अधिकारियों ने सभी विद्यालय प्रबंधकों को परीक्षा से पूर्व विद्यार्थियों के आधार कार्ड अपडेट करने की जिम्मेदारी सौंपी है। 25 फरवरी से पहले सभी विद्यार्थियों के आधार कार्ड अपडेट करवाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे पहले विद्यालय प्रबंधकों को सुनिश्चित करना होगा कि कक्षा 10वीं व 12वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का आधार कार्ड अपडेट हुआ है या नहीं। विद्यार्थियों को भी परीक्षा में भाग लेने से पहले अपने आधार कार्ड में वर्तमान फोटो अपडेट करवाना अनिवार्य रहेगा, ताकि उन्हें केंद्रों पर प्रवेश करने में परेशानी का सामना न करना पड़े।

### सभी खंड शिक्षा अधिकारियों व विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए

सभी विद्यालय प्रबंधकों को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षा से पहले विद्यार्थियों के आधार कार्ड में फोटो अपडेट करवाना अनिवार्य रहेगा। इस संबंध में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों व विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए गए हैं कि वह परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व इस कार्य को पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें, ताकि बाद में विद्यार्थियों को परेशानी न झेलनी पड़े।

*नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत*

कांग्रेस का लघु सचिवालय में हल्ला बोल

# कांग्रेस मजदूरों के साथ अन्याय को नहीं करेगा सहन : दिवान

*मनरेगा संग्राम प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन*


**सोनीपत।** लघु सचिवालय में विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस प्रदाधिकारी एवं नेतागण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ कांग्रेस ने अपना मोर्चा खोल दिया है। वीरवार को 'मनरेगा संग्राम' अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने डीसी कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया और धरना दिया। इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य मनरेगा योजना में आ रही गिरावट और मजदूरों के हक की अनदेखी को उजागर करना था। प्रदर्शन के अंत में कांग्रेस पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। इस प्रदर्शन का नेतृत्व शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान और ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने संयुक्त रूप से किया। कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर पूर्व विधायक जगबीर मलिक, पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार, पूर्व विधायक जयवीर वाल्मीकि, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, जय भगवान अंतिल, सुरेंद्र शर्मा, जयवीर अंतिल, राकेश सौदा प्रवक्ता, संजय बड़वासनी जिला पार्षद, मोनिका नगर पार्षद, राजेश सेवली, अनुज छाबड़ा, सतबीर निर्माण, देवेंद्र राठधना, अमित मंडल, जयवीर राठी, प्रेम रेलन आदि मौजूद रहे।

### मनरेगा की आत्मा को कर दिया खत्म

शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने सरकार पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने मनरेगा जैसी क्रांतिकारी योजना की आत्मा को ही खत्म कर दिया है। आज मनरेगा के मजदूरों के साथ घोर अन्याय हो रहा है। ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ थी, जिसे भाजपा ने अपनी गलत नीतियों से तोड़ दिया है।

# एसडीएम पर बदतमीजी करने का आरोप

पटवारियों ने धरना देकर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



पटवारियों ने गुरुवार को लघु सचिवालय प्रांगण में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारी पटवारियों ने उपमंडल अधिकारी (नागरिक) पर बतमीजी व अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। जिला पटवारी व कानूनगो संगठन के प्रधान सन्नी दहिया ने कहा कि खरखौदा उपमंडल अधिकारी पटवारियों को कार्यालय में बुलाकर उनके ऊपर दबाव बनाते हुए बदतमीजी करने लगते है। पटवारी से संबंधित कोई कार्य नहीं होता तब भी वह परेशान करने के लिए कार्यालय में बुलाते हैं और उनके साथ अभद्र भाषा व बदतमीजी से पेश आते हैं। कर्मचारियों के प्रति उनका व्यवहार सही नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में जब यह अधिकारी गन्नौर में एसडीएम थे तो वहां पर भी एक कर्मचारी को थप्पड़ मारा था। इससे पहले नायब तहसीलदार व तहसीलदार को भी बेवजह परेशान किया है। कहने की जरूरत नहीं कि पूर्ववर्ती तहसीलदार व उप तहसीलदार ने भी उनकी कार्य शैली से परेशान होकर अपना यहां से ट्रांसफर करवा लिया था। इसलिए ऐसे अधिकारियों का क्षेत्र और जिला में रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने सरकार से उपमंडल अधिकारी की जिले से बाहर ट्रांसफर करने की मांग की है।



### छोटू राम आर्य कॉलेज के स्वयंसेवकों ने गवर्नर से सम्मान प्राप्त किया

**सोनीपत।** छोटू राम आर्य महाविद्यालय के स्वयं सेवक आकांक्षा व गौरव ने गवर्नर प्रोफेसर असीम घोष से सम्मान प्राप्त कर अपने कॉलेज का नाम रोशन किया। छात्रों को 21000 रुपए का नगद पुरस्कार वह प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर प्राचार्य डॉक्टर जेएस फोर ने दोनों विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही टीकाराम एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई दी।

# रवनीत सिंह को गद्दार कहना सिख समाज का अपमान, माफी मांगे राहुल : बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- भाजपाइयों ने जलाया राहुल गांधी का पुतला

सिख समाज के अपमान पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दूसरे दिन भी राहुल गांधी का पुतला फूंका और जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। लगभग हर जिले में कांग्रेस और राहुल गांधी की सिख विरोधी मानसिकता के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की मौजूदगी में सुभाष चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया और जमकर राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने सरदार रवनीत सिंह बिट्टू के अपमान को सिख समाज का अपमान बताया। बड़ौली ने राहुल गांधी का पुतला दहन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा।



मोहन लाल बड़ौली ने राहुल गांधी द्वारा रवनीत सिंह बिट्टू पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की। बड़ौली ने कहा कि सिख समाज का अपमान किसी भी परिस्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान पूर्व मेयर राजीव जैन, जिला महामंत्री तरूण देवीदास, जिला मीडिया प्रभारी दिनेश अत्री, योगेश पाल अरोड़ा, आजाद सिंह नेहरा, हरिओम शर्मा, शलेन्द्र तोमर, सुमित गहलावत, सुनीता लोहचब आदि रहे।

### अगवानपुर सर्विस रोड पर टूटा सीवर ढक्कन बन रहा दुर्घटनाओं का कारण

**गन्नौर।** अगवानपुर रोड पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर के साथ लगते सर्विस रोड पर पिछले करीब एक महीने से सीवर का ढक्कन टूटा हुआ है। यह ढक्कन राहगीरों के लिए खतरे का कारण बना हुआ है। वाहन चालक अंधेरे में उसमें गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार इस समस्या को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सीवर का ढक्कन टूटे रहने से न केवल दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। राहगीरों का आरोप है कि भारी वाहनों की आवाजाही के कारण यह ढक्कन टूटा, लेकिन निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर पल्ला झाड़ रहे हैं। जिसके चलते आम जनता को रोजाना जोखिम उठाकर इस मार्ग से गुजरना पड़ रहा है। मदन स्वामी, सतीश, राकेश ने बताया कि अब तक कई लोग चोटिल हो चुके हैं, लेकिन विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत प्रभाव से टूटे सीवर ढक्कन को बदला जाए और आसपास चेतावनी संकेतक व बैरिकेडिंग लगाई जाए।

# सिद्धपीठ तीर्थ धाम में सात दिवसीय सतकुंभा उत्सव 9 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

प्राचीन, ऐतिहासिक व धार्मिक धरोहर में शामिल सिद्धपीठ तीर्थ सतकुंभा धाम में सात दिवसीय सतकुंभा उत्सव का आयोजन 9 से 15 फरवरी तक किया जाएगा। इस दौरान रुद्र महायज्ञ, विशाल भंडारा सेवा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। प्रबंधक सूरज शास्त्री ने बताया कि पीठाधीश्वर महंत राजेश स्वरूप महाराज के सानिध्य में उत्सव का शुभारंभ 9 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। प्रत्येक दिन सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक रुद्र महायज्ञ किया जाएगा। दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए



विशाल भंडारे की व्यवस्था रहेगी। आयोजकों ने बताया कि सात दिवसीय उत्सव में आसपास के गांवों सहित जिलेभर से श्रद्धालु पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि यह तीर्थ विश्व विख्यात 68 तीर्थों में पुण्यदायक माना जाता है और सनातन धर्म की मूल आधारशिला के रूप में इसकी विशेष मान्यता है। सूरज शास्त्री ने क्षेत्रवासियों से परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# गैर-शिक्षक यूनियन शिक्षकों व छात्रों के साथ आज निकालेगी रोष मार्च

- डीसीआरयूएसटी में किया धरना प्रदर्शन, सभी मूलभूत सुविधाएं देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में वीरवार को गैर-शिक्षक कर्मचारी यूनियन ने अपनी लंबित मांगों को लेकर धरना जारी रखा। कर्मचारियों ने धरने के माध्यम से विवि प्रबंधन से सभी मूलभूत सुविधाओं व मांगों को पूरा करने की मांग की। प्रधान सुरेश कुमार पुट्ठी ने बताया कि कर्मचारियों ने 6 फरवरी को सुबह 11 बजे विवि प्रबंधन के खिलाफ रोष मार्च निकालने का निर्णय लिया है। रोष मार्च में कर्मचारियों के साथ शिक्षक व छात्र शामिल होंगे। धरनारत कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि एक तरफ विवि प्रबंधन की ओर से कर्मचारियों के अभाव का हवाला देकर उनके अवकाश के आवेदन को निरस्त कर दिया जाता है। कर्मचारियों का उच्च पदों पर प्रति नियुक्ति होने पर उन्हें एनओसी तक नहीं दी जाती, दूसरी ओर कुलपति सचिवालय में एक उप-कुलसचिव जगमेंद्र सिंह की नियुक्ति की गई है, जो किसी भी फाइल पर कोई भी टिप्पणी अंकित नहीं करते।

### 'एग्रीकल्चर ट्रेड डील' किसानों की पीठ में छुरा घोंपने जैसा : छिक्कारा

**सोनीपत।** आम आदमी पार्टी के सोनीपत जिलाध्यक्ष रणवीर छिक्कारा ने भारत और अमेरिका के बीच होने वाली संभावित 'एग्रीकल्चर ट्रेड डील' को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे भारतीय किसानों की पीठ में छुरा घोंपने जैसा करार देते हुए कहा कि यह समझौता देश की 70% आबादी पर अब तक का सबसे बड़ा प्रहार है। रणवीर छिक्कारा ने कहा कि अमेरिकी कृषि क्षेत्र को वहां की सरकार द्वारा भारी सब्सिडी दी जाती है। इसके विपरीत, भारत का किसान पहले से ही बढ़ती लागत, भारी कर्ज और अनिश्चित बाजार की मार झेल रहा है। इस डील के लागू होते ही अमेरिकी सस्ते कृषि उत्पाद भारतीय बाजारों में भर जाएंगे, जिससे देशी फसलों के दाम कौड़ियों के भाव गिर जाएंगे। न्यूनतम समर्थन मूल्य का ढांचा पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगा। छोटे और सीमांत किसान खेती छोड़ने पर मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि उत्पादों को बचाने के लिए अमेरिका से आने वाले कृषि आयात पर कम से कम 18% टैरिफ (आयात शुल्क) लगाया जाए।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**कार्यक्रम** 8 फरवरी को प्राकृतिक खेती किसान सम्मेलन को सफल बनाने की अपील

*युवाओं को मेहनत के आधार पर दी जा रही नौकरियां*

# युवाओं को मिल रही बिना पर्ची बिना खर्ची के नौकरी : खरखौदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ▶▶ खरखौदा

आठ फरवरी को खरखौदा में आयोजित किए जाने वाले प्राकृतिक खेती किसान सम्मेलन को सफल बनाने की अपील करने के लिए विधायक पवन खरखौदा थाना कलां गांव पहुंचे। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों के लोग आरोप लगा रहे हैं कि शासकीय व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं हुआ। जबकि सबसे पहला परिवर्तन तो यही हुआ है कि युवाओं को बिना पर्ची - बिना खर्ची के नौकरियां दी जा रही हैं, जो केवल भाजपा सरकार में ही संभव हो सका। आज कोई भी व्यक्ति यह आरोप नहीं लगा सकता कि उसे पैसे देकर नौकरी मिली है। युवाओं को उनकी काबिलियत और मेहनत के आधार पर ही नौकरियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मनरेगा स्कीम का नाम बदलकर जी राम जी रखा गया है।


**खरखौदा।** ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक पवन खरखौदा।

### 125 दिन के रोजगार गारंटी देने का काम किया

विपक्षी पार्टियों को नाम बदलने से परेशानी हो रही है, क्योंकि यह स्कीम भगवान राम के नाम से रखी गई है। मनरेगा स्कीम बहुत पुरानी स्कीम है कांग्रेस सरकार ने इसका तीन से चार बार नाम परिवर्तन किया। लेकिन देशवासियों ने कभी कोई आपत्ति नहीं की। कांग्रेस के नेता भगवान राम के नाम का अपमान कर रहे हैं। जबकि भाजपा सरकार ने स्कीम को और मजबूत बनाया है। पहले 100 दिन का रोजगार मिलता था, अब बढ़ाकर 125 दिन के रोजगार गारंटी देने का काम किया गया है। 60 दिन अलग से भी काम मिलेगा, वह अलग। यह कार्य फसल कटाई के सीजन के दौरान भी दिया जाएगा। जबकि पहले ऐसा नहीं होता था। उन्होंने कहा कि 8 फरवरी को खरखौदा की भरत सिंह वाटिका में महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसान सम्मेलन को संबोधित करने के लिए पहुंच रहे हैं ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी लें। इस अवसर पर सरपंच आशीष दहिया, मुकेश सैनी व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### प्रताप स्कूल के विद्यार्थी वाइब कोडिंग में प्रथम

**खरखौदा।** तकनीक और कोडिंग के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रताप स्कूल खरखौदा की छात्राओं प्रिंसी, गुंजन और लिपिका (कक्षा 11वीं) ने बी.एम. इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सोनीपत द्वारा आयोजित वाइब कोडिंग (अंतर स्कूल संस्करण) प्रतियोगिता में सीनियर कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में दिल्ली-एनसीआर के नामी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के पाइथन कोडिंग ट्रैक में छात्राओं ने अपनी प्रोग्रामिंग दक्षता, समस्या-समाधान क्षमता और टीम वर्क से निर्णायकों को प्रभावित किया। कड़े मुकाबले के बाद फाइनल राउंड में प्रिंसी, गुंजन और लिपिका की टीम को विजेता घोषित किया गया। प्रतियोगिता के उपरांत आयोजित सम्मान समारोह में विजेता टीम को ट्रॉफी एवं मेरिट प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इधर विद्यालय प्रांगण में प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया तथा शिक्षक डॉ रविन्द्र कुमार ने विजेता छात्राओं का स्वागत किया।